सप्तदश बिहार विधान सभा

एकादश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-21.02.2024 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री राम सिंह, स०वि०स० श्री अनिल कुमार, स०वि०स० श्री उमाकांत सिंह, स०वि०स० श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव, स०वि०स० श्री मोती लाल प्रसाद, स०वि०स० श्री राजीव कुमार सिंह, स०वि०स०	''बिहार राज्य में गन्ना उत्पादक किसानों को उत्तम किस्म के गन्ना का 355/- रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य सरकार द्वारा दिया जाता है, जबकि भारत के अन्य राज्यों जैसे हरियाणा में 400/- रूपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य किसानों को प्रदान किया जाता है । अतएव बिहार के गरीब एवं असहाय गन्ना उत्पादक किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	गन्ना उद्योग

2.	श्री अजीत शर्मा, स०वि०स०	''राज्य में प्रत्येक दिन सैकड़ों साईबर ठगी की घटनाएं घट रही हैं । इस ठगी में अधिकांश वैसे लोग होते हैं, जो गरीब हैं और तकनीक की जिनकी समझ अपेक्षाकृत कम है । अधिकांश मामलों में तो केस दर्ज होता ही नहीं है, लेकिन जिस मामले में केस दर्ज करने के लिये पीड़ित पहल करता है, उसमें भी उसके थाने जाने पर साईबर थानों द्वारा इधर-उधर दौड़ाया और पीड़ित को परेशान किया जाता है, जिससे लोग निराश होकर साईबर थानों में केस दर्ज नहीं करा पाते हैं । साईबर केसेज को देखते हुए सरकार ने सब जगह साईबर थाना स्थापित किया है, लेकिन साईबर थाना अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन ठीक से नहीं कर पा रहा है । फलस्वरूप सैकड़ों लोग रोज ठगी के शिकार हो रहे हैं । अत: साईबर थानों में पीड़ितों के जाने पर केस दर्ज होना सुनिश्चित किये जाने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट करता हूँ ।''	गृह

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-4/2024- 331 / वि०स०, पटना, दिनांक- 20 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

20/2/24
(संजीव कुमार)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-4/2024- 331 / वि०स०, पटना, दिनांक- 20 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्य मंत्रिगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्य मंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

20/2/24
(संजीव कुमार)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-4/2024- 331 / वि०स०, पटना, दिनांक- 20 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / गन्ना उद्योग विभाग तथा गृह विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

20/2/24
(संजीव कुमार)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-4/2024- 331 / वि०स०, पटना, दिनांक- 20 फरवरी, 2024 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

20/2/24
(संजीव कुमार)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

20/2/24